>

Title: Need to provide stoppages of important trains including Rajdhani Express at Pali, Rajasthan.

श्री पुष्प जैन (पाली): महोदय, मेरा निर्वाचन क्षेतू पाली जिला व्यापारिक, औद्योगिक व ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रेल की दृष्टि से पाली जिला काफी पिछड़ा हुआ है और आज भी पाली जिला मुख्यालय से देश की राजधानी दिल्ली व राज्य की राजधानी जयपुर के लिए कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का ठहराव भी पाली जिले में नहीं है। जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जंक्शन, सोजत रोड जैसे कई महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों से हजारों यातूी पूतिदिन देश के विभिन्न भागों में आते जाते हैं, परन्तु रेल गाड़ियों के ठहराव के अभाव में उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बर-बिलाड़ा रेल लाईन जो कि मातू 54 किलोमीटर की है, का सर्वे भी कई बार हो चुका है, किंतु कोई साकारात्मक आदेश आज तक प्राप्त नहीं हुआ। राजधानी जैसी महत्वपूर्ण रेलगाड़ी मेरे निर्वाचन क्षेतू के 6(छः) विधान सभा क्षेतूों से होकर गुजरती है, किंतु कहीं भी ठहराव न होने से क्षेतू के निवासी इस रेलगाड़ी की सुविधा से वंचित है। मेरा रेल मंतूी से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान देते हुए उचित कार्रवाई का आदेश देंगे।